हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

मौसम ने ली करवट, हुई रिमझिम बारिश 14



सुशासन तिहार : स्कूल-कालेजों में ... 13





## खबर संक्षेप

### 36 पौवा शराब जब्त कोचिया गिरफ्तार



**अर्जुनी।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में 17 अप्रैल को थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस टीम द्वारा ग्राम अर्जुनी में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी कोमल साहू 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 3960 कीमत मूल्य का 36 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### कंडरा आदिवासी समाज कल मनायेगा सुफल भगत जयंती

**बंगोली।** कंडरा आदिवासी कोसरिया समाज राजिम राज के तत्वावधान में रविवार को कंडरा सामाजिक भवन मेला मैदान में संत सुफल भगत जयंती कार्यक्रम रखा गया है। जयंती कार्यक्रम मुख्यअतिथि रोहित साहू विधायक राजिम, अध्यक्षता महेश यादव अध्यक्ष नगर पंचायत राजिम होंगे।

जयंती कार्यक्रम दिवस में सांस्कृतिक कार्यक्रम सुबह 11 बजे से कचना धुरवा मॉदरी लोक नृत्य उत्तर बस्तर कॉकेर, कोयलिया रेला पाटा सिरसिदा(कुरुद), कमार आदिवासी नृत्य दल देवरी (छुरा), आदिवासी नृत्य दल कुरुद, पंडवानी भजन पुनाबाई रमेश बंसोड खट्टी द्वारा कार्यक्रम किया जायेगा। दोपहर भोजन प्रसादी के बाद संध्या 4 बजे विशाल शोभा यात्रा निकाली जावेगा।

### शराब दुकान खोलने को लेकर आक्रोश, विरोध

**रायपुर।** शराब दुकान खोलने को विरोध में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने महोबा बाजार क्षेत्र की आसपास के रहवासियों, महिलाओं के साथ गुरुवार को एक दिवसीय धरना देकर प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसजन भी शामिल हुए। यहां के रहवासियों का कहना है कि पूर्ण शराबबंदी का वादा कर सत्ता में आई भाजपा सरकार अब पूरे प्रदेश में सांय सांय नई शराब दुकानें खोल रही है। ज्ञात हो कि रायपुर पश्चिम विधानसभा के महोबा बाजार स्थित जिस शराब दुकान को रिहायशी इलाका होने की वजह और खासकर महिला सुरक्षा के चलते पूर्व की कांग्रेस सरकार के तत्कालीन विधायक ने विरोध कर बंद कराया था, उसी शराब दुकान को आज भाजपा सरकार खोलने जा रही है। श्री उपाध्याय ने कहा कि अपराध कम करने, युवाओं में बढ़ते नशाखोरी और महिला सुरक्षा को लेकर जिस शराब दुकान को रिहायशी इलाका होने के कारण हमने बंद करवाया था।

## कार्रवाई : विभाग ने करीब 200 ट्रिप हाईवा रेत जब्त किया

# दस लाख का डंप अवैध रेत जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भवानीपुर

जिले के पलारी ब्लॉक के ग्राम गिधपुरी में महानदी से निकाले गए रेत का अवैध भंडारण करने वाले रेत माफियाओं पर खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने करीब 200 ट्रिप हाईवा रेत जब्त किया है। जब्त रेत 10 लाख रुपये की है।

यह कार्रवाई पुलिस थाना क्षेत्र से महज 500 मीटर दूर शासकीय अस्पताल के सामने सड़क किनारे की गई, जहां अवैध रूप से रेत का भंडारण किया गया था। इस कार्रवाई से प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वह रेत माफियाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रहा है। भविष्य में भी इस तरह की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। इस संदर्भ में माइनिंग इंस्पेक्टर भूपेंद्र भगत ने कहा कि शासन के नियमों का पालन करते हुए स्वीकृत रेत घाट चलाया जाए, अन्यथा उनके ऊपर तत्काल कार्रवाई कर सील कर दी जाएगी, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी स्वयं रहेंगे।

**कलेक्टर के निर्देश पर अभियान** :जिला खनिज अधिकारी कुंदन बंजारे ने बताया कि यह कार्रवाई कलेक्टर के निर्देश पर की गई है। उन्होंने कहा कि खनिज विभाग लगातार अवैध रेत खनन और भंडारण के खिलाफ कड़ी निगरानी रखे हुए हैं। इसी कड़ी में गिधपुरी में मिले अवैध रेत के भंडार पर छापा मारा गया। उन्होंने बताया कि यह रेत महानदी से निकालकर यहां लाई गई थी और इसे बिना किसी अनुमति के स्टोर किया गया था।



### रेत माफियाओं में हड़कंप

खनिज विभाग की इस कार्रवाई से इलाके के रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है। पिछले कुछ समय से जिले में अवैध रेत खनन और भंडारण के मामले बढ़े हैं, जिस पर प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। इस मामले में जुर्माना लगाने के साथ–साथ भंडारित रेत को भी जब्त कर लिया गया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि अवैध रेत व्यापार में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। महानदी में अवैध रेत निकालने की घटनाएं बढ़ने से पर्यावरणीय संतुलन को खतरा पैदा हो गया है। प्रशासन का कहना है कि वह नदियों के संरक्षण और अवैध खनन रोकने के लिए कटिबद्ध है। इसी के तहत खनिज विभाग समय–समय पर छापेमारी कर रहा है। गिधपुरी की इस कार्रवाई को भी इसी दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। खनिज विभाग ने इस मामले में आगे की जांच जारी रखी है। संबंधित व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। साथ ही, जिले के अन्य संदिग्ध स्थानों पर भी निगरानी बढ़ाई गई है, ताकि अवैध रेत खनन और भंडारण पर रोक लगाई जा सके।

### मुरूम का अवैध परिवहन करते हाईवा जब्त



**सिमगा।** तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम औरेठी में खनिज विभाग ने कार्रवाई करते हुए मुरूम का अवैध परिवहन कर रहे हाईवा को जब्त किया है। वहीं खुदाई में लगे जेसीबी व ट्रैक्टर भागने में सफल हो गये।

मिली जानकारी के अनुसार सिमगा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत औरेठी के नया तालाब में शासन की योजना अनुसार अमृत सरोवर का निर्माण किया जाना है, जिसके लिए तालाब का गहरीकरण कर मिट्टी निकाल कर मेड़ बनाया जाना है, लेकिन यहां जवाबदार लोगों द्वारा तालाब खुदाई के दौरान निकले सैकड़ों हाईवा मिट्टी व मुरूम को बाहर बेचा जा रहा था। जिसमें कुछ लोगों का कमीशन तय था, इसलिए यह कार्य धड़ल्ले से चल रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय स्तर पर इसकी शिकायत की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर अंततः मुरूम का अवैध परिवहन कर रहे हाईवा को पकड़ कर ग्रामीणों ने खनिज विभाग बलौदाबाजार को इसकी सूचना दी। जिस पर राजस्व विभाग सिमगा एवं खनिज विभाग बलौदाबाजार की टीम ने मौके पर पहुंच कर मुरूम का अवैध परिवहन कर रहे हाईवा क्रमांक सीजी 22 पी 7111 की जब्ती ▶▶ शेष पेज 13 पर

### कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी

इससे शासन को लाखों का नुकसान हो रहा है। माइनिंग इंस्पेक्टर बलौदाबाजार भुपेंद्र भक्त ने बताया कि ग्राम औरेठी में मुरूम का अवैध परिवहन करते एक हाईवा को जब्त किया है तथा मामले की जांच कार्रवाई के लिए फाइल कलेक्टर के पास भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर खनिज विभाग द्वारा समय-समय पर कार्रवाई की जाती है और यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# युवती की शिकायत पर छेड़छाड़ के दो आरोपी युवक जेल दाखिल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुहेला

सहेलियों के साथ मेला घूमने सुहेला गई युवती से दो लड़कों ने छेड़झाड़ किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवती ने घटना की जानकारी सुहेला थान पहुंचकर दी। पीड़िता ने कहा पुलिस ने केवल सामान्य मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया, जबकि पुलिस को छेड़छाड़ और अभद्रता की जानकारी दी थी।

- पीड़िता ने कहा, आरोपी को गिरफ्तार करने फोन पर मांगे 15 हजार

पीड़िता ने बताया कि रविवार को अपनी सहेलियों के साथ सुहेला के मेले में गई थी। वहां ऋषिपाल नामक युवक एवं उनके साथियों ने पहले छेड़छाड़ की, जब युवती ने विरोध किया और नंबर देने से इंकार किया तो आरोपी ने उसके साथ बदसलूकी करते हुए मारपीट की। इस हमले में युवती की बाईं आंख में सूजन आ गई और होंठ से खून बहने लगा और वह बेहोश होकर गिर गई।

घटना के करीब एक घंटे बाद पीड़िता को थाने ले जाया गया, जहां से उसे इलाज के लिए भेजा गया। अस्पताल में उसे इंजेक्शन दिए गए।



पीड़िता ने आरोप लगाया कि घटना की गंभीरता के बावजूद पुलिस ने केवल सामान्य मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया। यही नहीं, पीड़िता को अगले दिन एक फोन कॉल प्राप्त ▶▶ शेष पेज 13 पर

### जितना बताई उसे लिखे है

जितना बताई है उतना तो लिखे हैं। एफआईआर में कोई मैडम थी, जो चिल्लाने लग गई थी। शायद बोलते हैं 354 क्यों नहीं लगाए करके, मैं उस समय सिमगा में था।

**-नरेश दीवान,** थाना प्रभारी, सुहेला

### आरोपी जेल भेज गए

आरोपी जेल चल दिए हैं। फोन द्वारा भाटापारा पुलिस द्वारा पैसे की मांग फ्रोड काल है।

**-तरेश,** एसडीओपी, भाटापारा

# कांग्रेस में गुटबाजी, मंच पर हाथापाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

## बैठक व्यवस्था को लेकर मचा बवाल, न्याया यात्रा के लिए आयोजित किया गया था कार्यक्रम

जिले में कांग्रेस पार्टी के भीतर गुटबाजी और वरिष्ठ नेताओं के मध्य व्याप्त आंतरिक कलह उभरकर सामने आने लगा है। हाल ही में बैठक न्याय यात्रा की तैयारी के लिए बुलाई गई थी। बैठक में यात्रा पर चर्चा शुरू होने के पहले ही कुछ कांग्रेसजन द्वारा एक दूसरे को गद्दार ठहराने के साथ नौबत हाथापाई तक पहुंच जाने की खबर वहां उपस्थित कुछ पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर दी गई है। कहा यह भी जाता है कि बलौदाबाजार विधानसभा और नगरपालिका चुनाव में पार्टी को मिली करारी शिकस्त का प्रमुख कारण पार्टीजनों के बीच व्याप्त आंतरिक कलह रहा है।



### जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए बड़ी चुनौती

पार्टी द्वारा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुमित्र घृतलहरे के लिए कांग्रेसजनों को एकजुट रखना एक बड़ी चुनौती मानी जा रही है। जिला में कई वरिष्ठ नेताओं और उनके समर्थकों के बीच गुटबाजी व्याप्त है। जिन्हें साधकर रखना और पार्टी हित में एकजुट होकर कार्य लेना वर्तमान समय में आसान कार्य प्रतीत दिखाई नहीं दे रहा है।

### बैठक व्यवस्था को लेकर शुरू हुई तकरार

जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष सुमित्र घृतलहरे की अध्यक्षता में 21 अप्रैल को रायपुर में आयोजित न्याय यात्रा के बारे में चर्चा के लिए आहुत बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बैठने के लिए मंच में कुर्सियां लगाई गई थी तथा बैठक शुरू होने के पूर्व ही मंच में लगी सभी कुर्सियां भर चुकी थी। बैठक शुरू होने के कुछ समय के पश्चात पार्टी के एक वरिष्ठ नेता जो पूर्व में चुनाव प्रत्याशी भी थे, उनके पहुंचने और मंच पर कुर्सी खाली नहीं दिखाई पड़ने पर नाराज होकर कार्यकर्ताओं के बीच जाकर बैठ गये। इस दौरान जिलाध्यक्ष द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेता से मंच पर आने का अग्रह कर आनन फानन में एक और कुर्सी मंगाकर रखवाई गई, किंतु किनारे में कुर्सी लगाने से वरिष्ठ नेता भड़क उठे, जिसके पश्चात बैठक में वाद विवाद शुरू होने के साथ मामला बिगड़ता चला गया। समर्थक ब्लॉक कांग्रेस के एक नेता को गद्दार कहते हुए आपस में जा भीड़े तथा नौबत हाथापाई तक जा पहुंची। स्थिति को बिगड़ता देखकर पार्टी के कई वरिष्ठ अन्य नेताओं द्वारा बीच बचाव करते हुए करीब आधी घंटे के प्रयास के पश्चात दोनों पक्षों को शांत करवाया गया।

## सांसद कमलेश जांगड़े, विधायक संदीप साहू हुए शामिल

# 33 जोड़ों का विवाह, आशीर्वाद देने पहुंचे जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

मानवता सतनाम सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत शुक्रवार को कैलाशगढ़ में सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ। इस आयोजन में 33 जोड़ों ने समाज की परंपराओं और रीति–रिवाजों के साथ पवित्र विवाह बंधन में बंधकर एक नई जिंदगी की शुरुआत की। इस दौरान सांसद कमलेश जांगड़े, विधायक संदीप साहू एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद एवं योजना के अंतर्गत परियोजना कार्यालय पलारी द्वारा जारी 35–35 हजार रुपये की सहायता राशि के चेक और विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किये।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि



जांजगीर –चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े ने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में दिखावे और फिजूलखर्ची जैसी कुरीतियों को समाप्त करने की दिशा में एक सशक्त पहल हैं। उन्होंने समिति की मांग पर सामाजिक समरसता भवन निर्माण की घोषणा की। कसडोल विधायक संदीप साहू ने कहा कि आज का आयोजन क्षेत्रीय एकता और सामाजिक ▶▶ शेष पेज 13 पर



# कारों पर महंगाई की मार, प्रदेश में 20 फीसदी तक कम हो गया व्यापार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

देश के साथ प्रदेश में भी मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हुंडई सहित ज्यादातर कंपनियों ने अपनी कारों की कीमत में एक अप्रैल से इजाफा कर दिया है। इसका असर यह हो गया है कि अपने प्रदेश में शुरुआती दौर में अप्रैल के पहले पखवाड़े में 15 से 20 फीसदी तक कारोबार प्रभावित हो गया है। जिनके शोरूम में एक माह में 500 तक कारें बिक जाती हैं, उनके यहां अप्रैल के पहले पखवाड़े में 200 के आसपास ही कारें बिकी हैं।

कारोबारियों का कहना है, आने वाले समय में इसका असर कम होने लगेगा। ऋण में ब्याज दर कम होने से कुछ राहत जरूर मिल रही है। कच्चे माल की कीमत ज्यादा होने का हवाला देते हुए ज्यादातर कार निर्माता कंपनियों ने अपनी कारों की कीमत में एक अप्रैल से इजाफा करने का पहले ही ऐलान किया था। इसके बाद एक अप्रैल से कारों की कीमत में इजाफा हो गया है। जहां देश में सबसे ज्यादा बिकने वाली मारुति की कारों में ढाई से चार फीसदी तक का इजाफा हुआ है, वहीं दूसरी कंपनियों ने तीन फीसदी तक दाम बढ़ाए हैं। कारों के अलग-अलग मॉडल में अलग-अलग प्रतिशत के हिसाब से इजाफा हुआ है। जैसे रायपुर में मारुति की अर्टिगा कार पर करीब 22 हजार का इजाफा हुआ है।

यह तीन फीसदी से कम है। इसी तरह से मारुति की इको कार की कीमत में वैसे तो 25 हजार तक का इजाफा हुआ है, लेकिन इसमें ऑफर के कारण दस हजार कीमत कम हो जा रही है। पहले इस मॉडल पर 20 हजार का डिस्काउंट मिल रहा था जिसको अब दस हजार कर दिया गया है। डिजायर की कीमत में करीब आठ हजार का इजाफा हुआ है। इसमें डिस्काउंट भी बंद हो गया है।

### मारुति, टाटा, हुंडई, महिंद्रा एंड महिंद्रा सहित ज्यादातर कंपनियों की कारें 3 से 4 फीसदी महंगी



### कुछ समय तक रहेगा असर

ऑटोमोबाइल कारोबारियों का कहना है कि अभी कारों कीमत में इजाफा होने का पहला ही माह है। इसमें से अभी 15 दिनों का समय निकला है। इसमें शुरुआती तौर पर 20 फीसदी कारोबार में असर दिख रहा है। मारुति के राजधानी के एक शोरूम में आमतौर पर एक माह में 500 कारें बिकती हैं। अप्रैल के पहले 15 दिनों में 210 कारें बिकी हैं। अन्य कारों के शोरूम में भी कारों की बिक्री पर असर पड़ा है। कारोबारियों का कहना है आने वाले समय में यह असर कम हो जाएगा। प्रदेश में एक माह में तीन से चार हजार कारें बिक जाती हैं।

## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस कमेटी 21 को करेगी मुख्यमंत्री निवास का घेराव



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर की बैठक हुई, जिसमें जिले के विधानसभा प्रभारी शामिल हुए। बैठक में उपस्थित कांग्रेसियों ने 21 अप्रैल को मुख्यमंत्री निवास घेराव की रणनीति बनाई है। इसी दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के उधोराम वर्मा ने बताया कि बैठक में प्रमुख रूप से 21 अप्रैल को प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था, माता-बहनों के ऊपर हो रही दरिंदगी, मासूम बच्चियों के साथ घिनौने अनाचार की घटनाओं ने प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है।

### कैट ने सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल को दी बधाई



**रायपुर।** कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में कैट के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल से मुलाकात की। अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी। इस मौके पर श्री पारवानी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेक इन इंडिया की अवधारणा को सफल बनाने के लिए पूरे देश में छत्तीसगढ़ की उद्योग नीति सबसे ज्यादा सफल रही। प्रदेश में 4 इंडस्ट्रियल क्लस्टर के स्थापना की घोषणा गई है। इनमें से दो राजनांदगांव जिले के घुमना तहसील में और दो नवा रायपुर में स्थापित होंगे।
देश-दुनिया में छत्तीसगढ़ की पहचान बनाने में हम सफल हुए हैं, आने वाले समय में हिन्दुस्तान दुनिया के तीन सबसे शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में खड़ा रहेगा।

### शहीद तात्या टोपे की पुण्यतिथि पर सीएम साय ने किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 1857 की क्रांति के महानायक, क्रांतिकारी और देशभक्त सेनापति शहीद तात्या टोपे की पुण्यतिथि 18 अप्रैल पर उन्हें सादर नमन किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि तात्या टोपे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन अमर योद्धाओं में से हैं, जिनकी रणनीतिक कुशलता, अदम्य साहस और मातृभूमि के प्रति समर्पण आज भी हर देशवासी को गर्व और प्रेरणा से भर देता है। वे प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे सेनानायक थे, जिन्होंने अंग्रेजी सत्ता को खुली चुनौती दी और जब युद्ध के पारंपरिक रास्ते बंद हो गए, तब उन्होंने गुरिल्ला युद्ध नीति अपनाकर संघर्ष को जिंदा रखा। तात्या टोपे की अटूट देशभक्ति और उनकी त्यागमयी गाथा सदैव हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी।

### लिपिकों ने मांगी पदोन्नति

**रायपुर।** लिपिकों की पदोन्नति, समयमान, वेतनमान एवं नियमितीकरण की मांग को लेकर रायपुर जिला संघ द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। सहायक संचालक अशोक वर्मा एवं सहायक इंदिरा गांधी को कर्मचारियों द्वारा यह ज्ञापन सौंपा गया। संघ का कहना है कि विगत 2-3 वर्षो से इसके लंबित होने के कारण लिपिक कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रतिनिधि मंडल में छग लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ रायपुर के जिलाध्यक्ष राजेश सोनी, सचिव रविकान्त डोये, संतोष शर्मा, प्रफुल्ल शर्मा, परिवेश ठाकरे, घनश्याम साहू, सियाराम पटेल, वासुदेव, नितिन देवांगन, अजय श्रीवास्तव, एवं संगठन के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### आईटीआई परीक्षा में उपस्थिति 8 प्रतिशत के न्यूनतम स्तर पर रही

# व्यापम की परीक्षाओं में रिकार्ड अर्जियां, पर कई में उपस्थिति आधी भी नहीं, तीन साल में 12 करोड़ का घाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल, राज्य लोक सेवा आयोग सहित विभिन्न विभागों में होने वाली भर्ती परीक्षाओं में शामिल होने अब अभ्यर्थियों को शुल्क देना होगा। जो अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे, उन्हें उनकी राशि लौटा दी जाएगी। दूसरी ओर ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने आवेदन तो किया है, लेकिन परीक्षा में शामिल नहीं हुए उनकी राशि व्यापम, पीएससी अथवा परीक्षा कराने वाली एजेंसी के खाते में जाएगी। कांग्रेस सरकार द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में लिए जाने वाले शुल्क में माफी की घोषणा की गई थी। 8 अप्रैल 2022 से यह नियम लागू हुआ। इसके 3 साल 10 दिन बाद भाजपा शासन ने नए नियम की घोषणा कर दी है।

हरिभूमि तत्काल

बीते तीन वर्षों में सर्वाधिक नुकसान व्यापम को उठाना पड़ा है, क्योंकि व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा ही सर्वाधिक प्रवेश परीक्षाएं और भर्ती परीक्षाएं आयोजित की गईं। इसके उलट पीएससी द्वारा सीमित भर्ती परीक्षाएं ही आयोजित कराई गई। थोक में छात्र ऐसे भी रहे, जिन्होंने फॉर्म तो भरा लेकिन परीक्षा दिलाने ही नहीं पहुंचे। व्यापम द्वारा आयोजित कराई जाने वाली परीक्षा में प्रतिछात्र 300 से 350 रुपए का औसत खर्च आता है। ऐसे में अनुमानतः परीक्षा नहीं दिलाने वाले अभ्यर्थियों के प्रश्नपत्र और उनके लिए लगाए गए मैनपावर के चलते 12 करोड़ रुपए का अनुमानित घाटा व्यापम को हुआ है। इन तीन सालों में कई रिकॉर्ड बने भी हैं। व्यापम द्वारा 2023 में आयोजित आईटीआई प्रशिक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों का आंकड़ा 8 प्रतिशत से भी नीचे चला गया था। इसके अतिरिक्त बीएड-डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए रिकॉर्ड पांच लाख से अधिक आवेदन मिले थे।

### 8 अप्रैल 2022 से समाप्त किया गया था परीक्षा शुल्क

### सामान्य वर्ग की फीस 350 रुपए, पिछड़ा वर्ग तथा एसटी-एससी से लिए जाते थे 250 रुपए

#### नए नियम कब से यह तय नहीं

वर्तमान में सहायक विकास विस्तार अधिकारी सहित कई विभागों में भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन जारी है। प्रवेश परीक्षाओं के लिए भी आवेदन प्रक्रिया जारी है। व्यापम के अधिकारियों के अनुसार, शासन द्वारा यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि नया नियम कब से लागू होगा। ऐसे में व्यापम द्वारा पुराने नियमों का ही अनुसरण करते हुए छात्रों से शुल्क लिया जा रहा है। शासन द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश प्राप्त होने के बाद ही अभ्यर्थियों में आवेदन शुल्क का प्रावधान जोड़ा जाएगा।




#### प्रति छात्र 300-350 रुपए खर्च

व्यापम अधिकारियों के अनुसार, परीक्षार्थियों के लिए प्रश्नपत्र तैयार करने और इसकी छपाई, ओएमआर शीट, परीक्षा केंद्र पर्यवेक्षक व मूल्यांकनकर्ता को किए जाने वाले भुगतान, परिवहन सहित अन्य सभी मदों को मिलाकर प्रतिछात्र 300 से 350 रुपए का खर्च आता है। इसके आधार पर ही पूर्व में शुल्क निर्धारित किया गया था।

#### बढ़ सकती है फीस

तीन वर्ष पहले तक अधिकतर भर्ती परीक्षा तथा प्रवेश परीक्षाओं में सामान्य वर्ग के छात्रों से 350 रुपए लिए जाते थे। पिछड़ा वर्ग तथा एसटी-एससी वर्ग के उम्मीदवारों से 250 रुपए लिए जाते रहे हैं। तीन वर्षों तक आवेदन निशुल्क रहने के कारण फीस वृद्धि संबंधित विचार नहीं हुआ। चूंकि तीन वर्ष पश्चात दोबारा फीस लिए जाने की तैयारी है तो ऐसे में व्यापम के अधिकारियों द्वारा संभावना जताई जा रही है कि फीस में आंशिक वृद्धि की जा सकती है।

#### व्यापम द्वारा आयोजित पिछले तीन परीक्षाओं का हाल...

**सहायक सांख्यिकी विकास अधिकारी : 37 हजार आवेदन, 85% नदारत :** 13 अप्रैल को व्यापम द्वारा सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। 17 पदों के लिए 37 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे, लेकिन पहुंचे सिर्फ 15.01 प्रतिशत। अक्टूबर 2023 में जारी हुए विज्ञापन के बाद लगभग डेढ़ साल बाद रविवार को व्यापम ने परीक्षा ली। रायपुर में इसके लिए 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। रायपुर में 10 हजार 185 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से सिर्फ 1 हजार 592 ही परीक्षा दिलाने पहुंचे।

**मत्स्य निरीक्षक : आवेदन 21 हजार, पहुंचे 1900**

23 मार्च को हुई मत्स्य निरीक्षक परीक्षा में 21 हजार लोग ने आवेदन किया था। सिर्फ 1900 लोग परीक्षा में शामिल हुए जो 9 प्रतिशत है। हालात यह थे कि कई केंद्र पूरी तरह से सूने रहे। यहां पर्यवेक्षक अभ्यर्थियों का इंतजार करते रहे। कुछ केंद्रों में अभ्यर्थियों से अधिक संख्या परीक्षा व्यवस्था बनाए रखने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों की रही।

**लैब असिस्टेंट : 9 पद, 67 हजार आवेदन, 84% गायब :** 9 मार्च को व्यापम ने कृषि संचालनालय के अंतर्गत लैब असिस्टेंट भर्ती परीक्षा आयोजित की। मात्र 9 पदों के लिए निकाली गई इस भर्ती के लिए 67 हजार आवेदन मिले थे। राजधानी रायपुर में 17250 अभ्यर्थियों के लिए 44 केंद्र बनाए गए, लेकिन 84 प्रतिशत अभ्यर्थी गायब रहे।

#### 2024 में प्रवेश परीक्षाओं की स्थिति

- पीएटी व पीव्हीपीटी : 9 जून को परीक्षा, 46275 आवेदन, 23813 उपस्थित
- प्री बीएबीएड, बीएससीबीएड : 9 जून को परीक्षा, 37037 आवेदन, 7620 उपस्थित
- पीईटी : 13 जून को परीक्षा, 22854 आवेदन, 12070 उपस्थित
- प्रीएमसीए : 13 जून को परीक्षा, 7295 आवेदन, 1220 उपस्थित
- पीपीएचटी : 13 जून को परीक्षा, 37076 आवेदन, 18371 उपस्थित
- पीपीटी : 23 जून को परीक्षा, 32857 आवेदन, 10747 उपस्थित
- प्रीबीएड : 30 जून को परीक्षा, 253649 आवेदन, 158353 उपस्थित
- प्रीडीएलएड : 30 जून को परीक्षा, 305629 आवेदन, 201938 उपस्थित
- बीएससी नर्सिंग : 14 जुलाई को परीक्षा, 52628 आवेदन, 27883 उपस्थित
- पोस्ट बेसिक नर्सिंग : 28 जुलाई को परीक्षा, 7189 आवेदन, 1578 उपस्थित
- एमएससी नर्सिंग : 28 जुलाई को परीक्षा, 5615 आवेदन, 2372 उपस्थित

## अधोक्षजानन्द देव के छत्तीसगढ़ आगमन पर रोक लगाने आदित्य वाहिनी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ राष्ट्रीय पीठ परिषद के उपाध्यक्ष ने पत्रकार वार्ता में किया विरोध

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में 21 से 27 अप्रैल के बीच जामुल क्षेत्र सुरडुंग में रूद्र महायज्ञ होना तय है। इसमें आयोजन समिति द्वारा अन्य आचार्यों के साथ स्वामी अधोक्षजानन्द देव तीर्थ नामक व्यक्ति को पुरी गोवर्धनपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य के रूप में प्रचारित करते हुए आमंत्रित किया जा रहा है। इसका धर्मसंघ, पीठपरिषद, आदित्य वाहिनी और आनंद वाहिनी द्वारा घोर विरोध किया जा रहा है। राजधानी में गुरुवार को पत्रकार वार्ता लेते हुए राष्ट्रीय पीठ परिषद के उपाध्यक्ष आचार्य झम्मन शास्त्री के साथ ही सीमा तिवारी, विजय शर्मा, नवीन तिवारी और टीका राम साहू ने अधोक्षजानन्द को फर्जी शंकराचार्य बताते हुए छत्तीसगढ़ में प्रवेश रोकने मांग रखी। उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह को ज्ञापन दिया है। इसे विधानसभा अध्यक्ष ने गंभीर विषय मानते हुए गृहमंत्री विजय शर्मा को कार्यवाही के लिए पत्र लिखा है। इस मामले को लेकर धर्मसंघ के प्रतिनिधिमंडल ने गृहमंत्री से मिलने के बाद त्वरित कार्यवाही के लिए अनुरोध किया है। यह सर्व विदित है कि वर्तमान में श्रीगोवर्धनमठ पुरीपीठ के 145वें जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज हैं, जो दार्शनिक, आध्यात्मिक, वैज्ञानिक, गणित के विश्व विख्यात विद्वान हैं।

*किसी सूरत में न्याय संगत नहीं : पीएम नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह सहित सीएम योगी आदित्यनाथ, विष्णुदेव साय, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह, विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह ने भेंट पुरी पीठाधीश्वर से आशीष प्राप्त किया। यही नहीं भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने कई निर्णय में पुरी के वर्तमान प्रामाणित शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज का उल्लेख किया है। ऐसी स्थिति में अधोक्षजानन्द देव यानी नकली व्यक्ति का प्रदेश में आगमन तथा किसी के द्वारा उसे शंकराचार्य के रूप में बुलाना न्याय संगत नहीं है।*

## सरकारी जमीन से कब्जा हटाने निगम ने चलाया बुलडोजर, तोड़ा बाउंड्री-मकान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ बिरगांव निगम आयुक्त ने सरोरा, उरकुरा वार्ड में अवैध कब्जा हटाने दी दबिश

सरकारी जमीन पर लोगों द्वारा बनाई गई बाउंड्री और मकान को तोड़ते हुए कब्जा मुक्त कराने के लिए गुरुवार को भी बिरगांव निगम का अमला दबिश देने पहुंचा। सरोरा और उरकुरा वार्ड में सरकारी जमीन पर अवैध प्लाटिंग का खेल रोकने के लिए निगम आयुक्त यूके उर्वासा के साथ नगर निवेश विभाग की टीम पुलिस बल के साथ तोड़-फोड़ करने के लिए निकली। दोबारा कब्जा करने पर एफआईआर की चेतावनी दी है।

बिरगांव निगम क्षेत्र के उरकुरा में वार्ड में सात स्थानों पर लगभग 5 एकड़ जमीन से अवैध प्लाटिंग कर किए गए सड़क, बाउंड्री और मकान निर्माण को दस्ते ने बुलडोजर की मदद से ध्वस्त किया। इसके साथ ही जिन लोगों का कब्जा था, उन्हें चेतावनी दी गई है कि दूसरा किसी तरह से अवैध निर्माण किया जाता है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। इसके लिए आयुक्त ने दिशा-निर्देश दिया है। तोड़-फोड़ के दौरान विरोध की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन की मदद से पुलिस बल के साथ निगम की टीम कार्रवाई करने पहुंची। इस कार्रवाई से पहले बुधवार को निगम के अमले ने सरोरा वार्ड में भी दबिश देते हुए 4 जगह से अवैध कब्जा हटाया था।

## महापौर ने मितानिनों के कार्य को सराहा





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ मलीन बस्तियों के रहवासियों को जागरूक बनाने पर जोर

महापौर मीनल चौबे ने कहा है कि स्वास्थ्य शिविरों को रायपुर में सफल बनाने में मितानिनों का सक्रिय योगदान रहा है। मितानिन बहनें शहरी क्षेत्र के गरीब लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहे, इसके लिए बहुत अच्छा कर रही हैं। शहर की मलिन बस्तियों में रहने वालों को जागरूक बनाने पर जोर दिया जाना चाहिए।
उन्होंने ये बातें राजधानी में आयोजित राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत पार्षदों के लिए आयोजित कार्यशाला में कही। लोक स्वास्थ्य सेवाओं में जनभागीदारी एवं सुदृढ़ीकरण विषय पर रखी गयी कार्यशाला में वे मुख्य अतिथि के रूप में अपने उदबोधन में इस आशय के विचार रखे। राजधानी के निजी हॉटल में जनप्रतिनिधियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निगम के स्वास्थ्य विभागाध्यक्ष गायत्री-सुनील चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि के रूप में रायपुर के मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी उपस्थित रहे। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर ने कहा स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन रायपुर शहर के लिए काफी अच्छा है। सभी पार्षदों को इसमें आगे आकर नागरिकों को जागरूक करने सहभागी अवश्य बनना चाहिए। कार्यशाला में शहरी कार्यकम प्रबंधकअशोक सिंह,अनुराग गुप्ता, शहरी डाटा मैनेजर अनुराधा तिवारी, सिटी अकाउंट मैनेजर बजरंग सिंह ठाकुर, एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहें। कार्यकम स्थल में सभी प्रतिभागियों की बीपी एवं शुगर जांच भी की गई। कार्यशाला में एमआईसी सदस्य गायत्री चंद्राकर दीपक जायसवाल, महेंद्र खोडियार, अमर गिदवानी, नंदकिशोर साहू, भोलाराम साहू, सुमन-अशोक पांडे, डॉ. अनामिका सिंह,खेम कुमार सेन, संतोष-सीमा साहू, अवतार-भारती बागल, जोन अध्यक्ष गज्जू साहू, साधना-प्रमोद साहू, अंबर अग्रवाल, बद्री प्रसाद गुप्ता, प्रीतम सिंह ठाकुर, गोपेश साहू , सचिव मेघानी शामिल हुए।

#### स्वास्थ्य जांच स्टॉल पर मेयर ने बीपी की कराई जांच

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के कार्यशाला आयोजन स्थल पर स्वास्थ्य जांच स्टाल पर महापौर ने अपने बीपी की जांच करवायी। कार्यशाला में पार्षदों को आयुष्मान योजना के तहत स्मार्ट कार्ड की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से डॉ अविनाश चतुर्वेदी, डॉ विमल किशोर राय, डॉ. प्रीति नारायण, डॉ श्वेता सोनवानी के साथ सभी जिला सलाहकार डॉक्टर निकिता पवार डॉ राखी डॉ रंजना आलोक, अमन दास द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया।

### वित्त ने सभी विभागों के लिए जारी किए निर्देश

# जब राशि बांटनी हो तभी कोषालय से निकाल सकते हैं, ऐसा न करना गंभीर अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी सरकारी विभागों सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों, कलेक्टर-कमिश्नरों को निर्देश दिया है कि बजट में शामिल योजनाओं और कार्यों के लिए किए गए प्रावधान से संबंधित राशि का खर्च कैसे करना है। कहा गया है कि कोई भी राशि कोषालय से तब तक आहरित नहीं की जाएगी, जब तक तत्काल वितरण किया जाना अपेक्षित न हो। मांग की प्रत्याशा या बजट अनुदानों के व्यपगत (लैप्स) होने से बचाने के लिए कोषालय से राशि निकालना एक गंभीर वित्तीय अनियमितता है। ऐसे आहरण के लिए दोषी व्यक्ति अनुशासिक कार्रवाई का भागी होगा। वित्त विभाग ने यह निर्देश राज्य के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागीय आयुक्त, सभी कलेक्टर को भेजा है। निर्देश में कई बिंदुओं के आधार पर कई बातें कहीं गई हैं। राज्य की संचित निधि से आहरण तभी किया जाना चाहिए तब कार्य कर लिया गया हो या उसके भुगतान का देयक प्राप्त हो गया हो।

**पहले काम फिर वित्त से अनुमति नहीं चलेगी:** कुछ प्रकरणों में विभागों कार्यालयों द्वारा बिना वित्त विभाग की पुर्वानुमति के वाहन किराये पर लेकर भुगतान हेतु अतिरिक्त राशि की मांग वित्त विभाग से की जाती है। इसी प्रकार सड़कों के संधारण एवं अनुरक्षण गदों में भी बजट प्रावधान से अधिक राशि की स्वीकृतियां जारी कर अतिरिक्त दायित्व निर्मित किये जाते हैं। यह वित्तीय अनुशासन का उल्लघन है एवं अतिरिका दायित्व निर्मित होने पर संसाधनों पर दबाव की स्थिति निर्मित होती है तथा कार्य एजेंसी सेवा प्रदाता को समय पर भुगतान नहीं हो पाता है।

#### बजट में उपलब्ध राशि से अधिक दायित्व न बनाएं

वित्त विभाग ने कहा है कि यह देखने में आया है कि कतिपय विभागों द्वारा कुछ मदों में बजट से व्यय हेतु उपलब्ध राशि से अधिक राशि के दायित्व निर्मित कर लिये जाते है एवं भुगतान हेतु वित्त विभाग से अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है। यह प्रक्रिया उबित नहीं है। ऐसे प्रकरणों में जहां बजट प्रावधान से अधिक राशि के व्यय की स्वीकृति आवश्यक हो, प्रशासकीय विभाग के माध्यम से अतिरिक्त दायित्व निर्मित करने के पूर्व कारण एवं औचित्य सहित वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजकर पूर्वानुमति लिया जाना बाहिए। ऐसा नहीं करने की स्थिति में प्रशासकीय विभाग द्वारा उत्तरदायित्व निर्धारण की कार्यवाही की जाये एवं किसी भी स्थिति में अतिरिक्त दायित्व हेतु राशि उपलब्ध कराने के लिए वित्त विभाग बाध्य नहीं होगा।

## संदीप को 24 घंटे में फिर से नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाया तो आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के रायपुर नगर निगम से बागी पार्षद आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष बनाया है, जिसके बाद से पार्टी के भीतर हंगामा मच गया है। विरोध में वार्ड नंबर 1 के कांग्रेस पार्षद संदीप साहू ने अपने समर्थकों के साथ राजीव भवन पहुंचकर फैसले के विरोध में अपनी नाराजगी जताई है। वहीं साहू समाज ने भी फैसले से नाराज होकर संदीप साहू को नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। आकाश तिवारी ने कांग्रेस से टिकट न मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ा था। वहीं अब कांग्रेस ने उन्हें अपना नेता प्रतिपक्ष बना दिया है, जिसके चलते वार्ड नंबर 1 के कांग्रेस पार्षद संदीप साहू विरोध में उतर आए हैं। वहीं पार्टी के इस फैसले के बाद शहर जिला कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री लीलाधर साहू ने इस्तीफा दे दिया है। मामले में लीलाधर साहू ने कहा, कांग्रेस अगर ये फैसला वापस नहीं लेती, तो साहू समाज के लोग भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर प्रदर्शन करेंगे।

#### युवा साहू समाज सौंपेगा निंदा पत्र

इधर साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक देवदत्त साहू पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज और शहर जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे को एक निंदा पत्र सौंपेंगे। यह मांग की जाएगी कि 24 घंटे के अंदर संदीप साहू को नेता प्रतिपक्ष बनाया जाए। ऐसा न होने पर साहू समाज युवा प्रकोष्ठ विरोध प्रदर्शन करेगा। साहू समाज ने दीपक बैज और प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू से मिलकर ज्ञापन सौंपा है।

**पंजीकृत वाहन में मोबाइल नंबर अपडेट करने बढ़ाई जाएगी काउंटरों की संख्या**

# वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के लिए लगाए जाएंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के कार्य में तेजी लाने के लिए अनुबंधित कम्पनियों द्वारा शिविर लगाये जाएंगे। कम्पनियों की यूनिटों में कार्यबल बढ़ाया जाएगा। साथ ही हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने की सुविधा जिला परिवहन कार्यालयों में भी उपलब्ध होगी। परिवहन सचिव एवं आयुक्त एस. प्रकाश ने आज इस कार्य के लिए अनुबंधित कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में इस आशय के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में इस कार्य में आ रही समस्याओं के बारे में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के निर्देश के अनुपालन में राज्य में वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। बैठक में परिवहन सचिव ने वाहन स्वामी के पंजीकृत वाहन में मोबाइल नंबर अपडेट करने के लिए परिवहन कार्यालय में काउण्टरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता को एचएसआरपी लगाने की सरल, सुलभ प्रक्रिया तथा विभागीय वेबसाइट के उपयोग करने के संबंध में जागरूक किया जाए। साथ ही प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक तथा सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनता के बीच एचएसआरपी नंबर प्लेट की महत्ता एवं उपयोगिता के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाए। आम जनता की सुविधा के लिए एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के लिए आवेदन की प्रक्रिया तथा संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए जिला स्तर पर भी मोबाईल नंबर जारी किए जाएंगे।

## जिला परिवहन कार्यालयों में एचएसआरपी लगाने की सुविधा उपलब्ध होगी

### जिला परिवहन कार्यालयों में रहेगी सुविधा

बैठक में अनुबंधित कंपनियों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने फिटमेंट सेंटर के कार्यबल, तकनीकी उपकरणों सहित जिला परिवहन कार्यालयों में आम जनता, वाहन स्वामियों को एचएसआरपी फिटेड कराने की सुविधा मुहैया करायें। इसके अतिरिक्त अनुबंधित कंपनियां विशेष क्षेत्रों में इसके लिए शिविरों का आयोजन करें, जिसमें परिवहन कार्यालय से संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।




### एचएसआरपी लगाने की यूनिटों में कार्यबल बढ़ाया जाएगा

अनुबंधित कंपनियों को आबंटित जिलों में एचएसआरपी लगाने के लिए उपलब्ध यूनिट, इकाई व कार्यबल में वृद्धि कर कम समय में फिटिंग कार्य करने, एचएसआरपी लगाने के लिए आवेदन की प्रक्रिया, फिटमेंट सुविधा, घर पहुंच सुविधा एवं निर्धारित शुल्क के संबंध में अवगत कराना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। अनुबंधित कम्पनियों के प्रतिनिधियों से कहा गया कि वे जिले में खोले गये फिटमेंट सेंटर, प्रतिनिधि की जानकारी, संपर्क नंबर इत्यादि को सार्वजनिक रूप से आम जनता को उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें।

### ये थे मौजूद

बैठक में अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर, संयुक्त परिवहन आयुक्त यूबीएस चौहान, उप परिवहन आयुक्त मनोज कुमार ध्रुव, सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी युगेश्वरी वर्मा तथा रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, अंबिकापुर, जगदलपुर, धमतरी, जॉजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़ के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी शामिल हुए। इसके अतिरिक्त अनुबंधित कंपनी रोसमार्टा के मुकेश मल्होत्रा तथा रियल मेजॉन कम्पनी के विश्वजीत मुखर्जी उपस्थित थे।

---

**खबर संक्षेप**



### सुशासन तिहार : स्कूल-कालेजों में विविध आयोजन

**बलौदाबाजार**। सुशासन तिहार के दौरान संध्या चौपाल में जिले के स्कूल, कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक कोलेजो में चित्रकला, पेंटिंग, रंगोली, निबंध, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी सुशासन दिवस के अवसर पर कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली बनायी गई, जिसमें प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को प्राचार्य द्वारा कलम भेंट कर पुरस्कृत किया गया। शासकीय पॉलिटेक्निक भाटापारा में पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें रस्सा–कसी, रुमाल झपट्टा, पिटठुल आदि खेलों में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं संस्था के विद्यार्थियों ने पूर्ण उत्साह से हिस्सा लिया। इसके साथ ही प्रशासन गांव की ओर विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही जिले के लगभग 87 स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 1719 विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

**50 पंचायतों के सरपंच और पंचों की कलेक्टर ने ली बैठक**

# जल स्तर बढ़ाने पक्के मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला ऑडीटोरियम में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर आयोजित होने वाले करीब 50 पंचायतों के सरपंच एवं पंचों के साथ कलेक्टर दीपक सोनी ने बैठक की।

उन्होंने सभी समाधान शिविर वाले पंचायतों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने तथा मूलभुत आवश्यकताओं को दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने सभी समाधान शिविर वाले पंचायतों के सरपंच एवं रोजगार सहायक से पेयजल, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, पेंशन, पीएम आवास, आधार कार्ड, उचित मूल्य दुकान एवं राजस्व सम्बन्धी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने जल का बेहतर उपयोग हेतु कार्य योजना बनाने, वर्षा जल संचयन के लिए सभी पक्के मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने, सभी हैंडपम्प के पास सोखता गड्ढा बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों में ग्राम जल स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित करें। जल संचय वाहिनी जल संचय के लिए जागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने पेयजल की समस्या दूर करने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिये। उन्होंने आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक पंजीयन तथा राशन कार्ड के लिए आगामी 19, 21, 22 एवं 23 अप्रैल को शिविर के लिए चिन्हांकित पंचायतों में विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिये। इसी तरह समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजना से सम्बधित समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बधित पंचायतों का दौरा करने के निर्देश दिये।

### मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने के दिए निर्देश





#### हर माह की 7 तारीख को मनाये चावल उत्सव

कलेक्टर ने सभी उचित मूल्य की दुकानों में हर माह की 1 तारीख से राशन वितरण शुरू करने तथा एक सेल्समैन द्वारा एक से अधिक दुकनों का संचालन करने के कारण समय पर राशन मिलने में दिक्कत हो रही है। ऐसे दुकान संचालक को बदलने तथा एक दुकान के लिए एक संचालक तय करने कहा। उन्होंने पूर्व की भांति हर माह की 7 तारीख को चावल उत्सव मनाने के भी निर्देश दिये।

#### अधिक से अधिक पंचायतें बने विवाद मुक्त

उन्होंने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी पंचायतों को राजस्व विवादमुक्त पंचायत बनाने के लिए आपसी विवाद को पंचायत स्तर पर ही सुलझाए। स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति तथा शिक्षकों की कमी के संबंध में कहा कि अनुपस्थित या समय पर स्कूल नहीं आने वाले शिक्षकों पर निगरानी रखें और उनकी जानकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी को दें। आगामी शिक्षा सत्र से शिक्षकों की व्यवस्था शासन स्तर पर युक्तियुक्तकरण से किया जाएगा। इसके बाद भी शिक्षकों की कमी होने पर पंचायत स्तर पर वैकल्पिक व्यवस्था करनी होगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, मिथलेश डोंडे, सहित सभी एसडीएम जनपद सीईओ, सरपंच, पंच, पटवारी, रोजगार सहायक उपस्थित थे

# आरती उतारकर ग्रामीणों ने दी सेवानिवृत प्रधानपाठक को विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड के प्राथमिक शाला परसदा में कार्यरत प्रधान पाठक सुतीक्षण साहू 43 वर्षों की सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने एक अनोखी और आत्मीय परंपरा निभाते आरती उतारकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह के मुख्य अतिथि एसपी साहू, अध्यक्षता सत्यभावना यादव सरपंच परसदा एवं विशिष्ट अतिथि मनमोहन साय नोडल प्राचार्य बोरसी थे। विशिष्ट अतिथि साय ने अपने उदबोधन में कहा कि साहू ने शिक्षा के क्षेत्र में न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र में एक आदर्श स्थापित किया। उनका जीवन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को समर्पित रहा। गांव के अनेक बच्चे आज ऊंचे पदों पर कार्यरत हैं और इसका श्रेय साहू की प्रेरणादायी शिक्षण शैली को जाता है।

सेवानिवृत्ति के दिन गांव में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। गांव की स्त्रियों ने परंपरागत ढोल-मंजीरे के साथ घर-घर जाकर आरती उतारी, मानो कोई परिवार का सदस्य घर से विदा हो रहा हो। यह दृश्य अत्यंत भावुक करने वाला था।

छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नंदनिया की बालिकाओं ने आकर्षक प्रस्तुत दी। मुख्य अतिथि के साथ-साथ समारोह में उपस्थित सभी लोग भाव विभोर हो गए।

पूर्व छात्र भी दूर-दूर से पहुंचकर इस क्षण का साक्षी बने। कई वक्ताओं ने साहूजी के सरल स्वभाव, अनुशासनप्रियता और शिक्षा के प्रति समर्पण की सराहना की। अपने विदाई भाषण में सेवानिवृत्त सुतीक्षण साहू ने कहा, मैंने हमेशा विद्यालय को अपना परिवार समझा। आज जब मैं जा रहा हूं, तो यह सिर्फ एक औपचारिक विदाई नहीं, बल्कि दिलों का रिश्ता और मजबूत हो रहा है। जो स्नेह आज मुझे मिला, वह मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन रामकृपाल साहू शिक्षक भिंभौरी द्वारा एवं आभार प्रदर्शन राजेंद्र पटेल द्वारा किया गया।

**पेज 11 के शेष**

### मुरूम का अवैध ...

कार्रवाई कर सिमगा थाना के सुपुर्द किया है। ग्रामीण क्षेत्र में मुरूम एवं मिट्टी बिना रायल्टी व पिट पास के अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। गांव-गांव में बहुतायत मात्रा में ट्रैक्टर हाईवा होने से शासकीय भूमि एवं किसानों की निजी भूमि से खेत बनाने के नाम पर मिट्टी व मुरूम का अवैध उत्खनन धड़ल्ले से जारी है।

### युवती की शिकायत...

हुआ, जिसमें स्वयं को पुलिसकर्मी बताने वाले व्यक्ति ने 15,000 की मांग की और कहा कि राशि मिलने पर ही मामले में कार्रवाई आगे बढ़ेगी। इससे पीड़िता और उसका परिवार और भी अधिक भयभीत हो गया।

### 33 जोड़ों का विवाह...

सौहार्द का जीवंत उदाहरण बना है। जहां आपको आशीर्वाद देने क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि आये हुए हैं। पूर्व विधायक बिलाईगढ़ डॉ. सनम जांगड़े ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे सतनामी समाज के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सतनामी समाज में पहली बार ऐसा भव्य आयोजन हुआ है, जो न केवल सामाजिक जागरूकता बढ़ाता है बल्कि आर्थिक बोझ से भी राहत देता है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विमल साहू, शैलेन्द्र बंजारे, रवि बंजारे, नगर पंचायत पलारी अध्यक्ष गोपी साहू, रोहासी अध्यक्ष नंदेश्वर साहू, जनपद सदस्य कालिन्द्री सोनवानी, लिंकन गोयल, सरपंच कलावती क्षत्री सहायक आयुक्त संजय कुर्रे, तहसीलदार पेखन टोंन्ड्रे, परियोजना अधिकारी नीरज ठाकुर सहित सामाजिकगण एवं क्षेत्र के ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पानी की आपूर्ति के लिए शहर में बंद पड़े बोर पंपों की मरम्मत शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

■ नपा अध्यक्ष की निगरानी में गुणवत्तायुक्त कार्यों ने पकड़ी रफ्तार

नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के मार्गदर्शन में गर्मी को ध्यान में रखते हुए में सभी वार्डवासियों को पानी की आपूर्ति हो सके, इसके लिए कई बंद पड़े बोरपंपों को कैसिंग पाइप सहित आदि गुणवत्ता युक्त सामाग्रियों का उपयोग किया जा रहा है।

वहीं भीषण गर्मी में लोगों को पर्याप्त पानी मिल सके इसके लिए बोर को एक नियमित समय में चालू व बंद करने की अपील जल विभाग के सभापति सीता अशोक साहू व उनके प्रतिनिधि देवेन्द्र साहू द्वारा किी गई है, ताकि व्यर्थ के पानी खर्च से बचा जा सके और जमीन में भू-जल का स्तर बना रहे। वर्तमान भाजपा के अध्यक्ष अश्विनी शर्मा के कार्यकाल मे विभिन्न प्रयोजनों के लिए गुणवत्तापूर्ण कार्यों पर विशेष बल दिया जा रहा है।

इसी कारण शहरवासियों को बहुत ही अल्प समय में नगर में अभूतपूर्व कार्य भी देखने को मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के सभापति सतीश तलरेजा ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव के समय भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष

नगरपालिका में भाजपा के सत्ता में आसीन होने पर सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिये जाने को घोषणा पत्र में प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था, जिसका सार्थक प्रभाव भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा व उपाध्यक्ष दिलीप छाबाडिया के कुशल मार्ग दर्शन में स्वास्थ्य विभाग के सभापति सतीश तलरेजा द्वारा नगर में सफाई व्यवस्था को लेकर देखा जा रहा है। इसमे मंडी रोड स्थित बड़े नाला के सफाई काफी अर्से बाद की गई। इसमें कई सालों से पड़े कचरे को निकाला गया। वहीं शिवरतन शर्मा ने कहा था कि नगरवासियों के जनादेश से भाजपा सत्ता में आती है तो भ्रष्टाचार के सबसे बड़ी जड़ कमीशनखोरी पर अंकुश लगाया जाएगा। गौरव पथ के डिवाइडर मार्ग के आस पास धूल के कणों का अम्बार लगा रहता था। इसके कारण राहगीरों को उड़ते धूल का सामना करना पडता था, परंतु प्रतिदिन इन डिवाइडरों से धूल के सफाई होने से गौरवपथ कि रौनक बढी है। साथ ही लोगों के स्वाथ्य व मनोरंजन के साधन मोती गार्डन को भी साफ सफाई के साथ एक नये लुक देने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा के नेतृत्व में पार्षद सभापति व पार्षदों द्वारा प्रयास किया जा रहा है।विकास के विभिन्न प्रयोजनों के कार्यों में गुणवत्तायुक्त कार्यों पर विशेष रूप से देखा जा रहा है। जिसके लिये मनमाने कमीशनखोरी पर विराम लगाये जाने के लिए विशेष बल दिया जा रहा है ताकि भ्रष्टाचार व अनियमितताएं ना पनपने पाए।

### बाउंड्रीवॉल को असामाजिक तत्वों ने तोड़ा

**रायपुर**। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सड्डू के सेक्टर-1 में कॉलोनी विकास समिति की मांग पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सामुदायिक भवन बनाया गया था। इस भवन परिसर के आसपास पंप रूम, पानी टंकी तथा समिति का कार्यालय स्थित है। इस परिसर के शासकीय भूमि में अवैध कब्जों को देखते हुए छग गृह निर्माण मंडल की अनुमति से बाउंड्रीवॉल बनवाया गया था। इस बाउंड्रीवॉल को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया है। इस कारण आसपास के लोग भयभीत है तथा शासकीय संपत्ति की सुरक्षा के प्रति चिंता बढ़ गई है। इसे देखते हुए वार्ड पार्षद प्रतिनिधि भारत धीवर के नेतृत्व में कॉलोनी विकास समिति के पदाधिकारियों ने विधानसभा थाना रायपुर में प्राथमिकी दर्ज कराई है। ज्योति प्रकाश कर, राम मौर्य, अशोक कुमार, अनिल वर्मा, शक्ति प्रकाश, घनश्याम दुर्गा, हरिराम इत्यादि ने ज्ञापन सौंपा।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि
समाचार पत्र सारंगढ-बिलाईगढ़ जिला के अंतर्गत बिलाईगढ़ एवं टुण्ड्री में एजेंसी देना है
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, बलौदाबाजार
भाटापारा रोड, बस स्टैण्ड
बलौदाबाजार
मो. 8224035555
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8370049468
9098595071

# मालवाहकों पर सवारी ढोना दुर्घटना को न्योता और अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम एवं समुचित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात थाना में मालवाहक वाहन चालकों, मालिकों एवं नागरिकों की बैठक हुई। इसमें एडीशनल एसपी हेमसागर सिदार, थाना प्रभारी योगिता बाली खापर्डे, यातायात प्रभारी प्रवीण मिंज ने मालवाहक वाहनों के मालिक, चालकों एवं उपस्थित लोगों को सड़क दुघर्टनाओं में वृद्धि पर रोकथाम के लिए जागरूक किया। एडीशनल एसपी हेमसागर सिदार ने बताया कि मालवाहक वाहनों का सवारी गाड़ी के रूप में उपयोग सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण है। वाहन चालक तथा मालिक मालवाहक वाहनों का सवारी ढ़ोने में उपयोग न करें। फिर भी ऐसे पाये जाते हैं तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि शादी विवाह या अन्य किसी कार्यक्रम में जहां सवारी बिठाने की बात आती है, वाहन मालिक अपने वाहन जैसे मेटाडोर, ट्रैक्टर, छोटा हाथी, खुली जीप आदि को किराए पर न दें। इससे जान माल के नुकसान होने का खतरा बना रहता है। पूर्व में सवारी भरे ऐसे वाहनों की दुर्घटना होने से जान माल को नुक़सान हो चुका है। उन्होंने उपस्थित लोगों को शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों पर मोटर व्हीकल की कार्रवाई एवं विभिन्न धाराओं के साथ जुर्माना की जानकारी देते हुए कहा कि बढ़ रहे सड़क दुघर्टनाओं को रोकने जिला यातायात पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में जनजागरण एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अवसर पर मालवाहक वाहनों के मालिक, चालक, नागरिक तथा पत्रकार मौजूद थे।

#### दुपहिया चालक हेल्मेट का उपयोग कर

उन्होंने बताया कि बलौदाबाजर जिला के सिमगा क्षेत्र में आए दिन सड़क दुर्घटना में होने वाले मौतों की संख्या बढ़ रही है। नेशनल हाइवे में सड़कें अच्छी होने के कारण दोपहिया तथा चार पहिया वाहन चालक तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं और दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। यातायात प्रभारी प्रवीण मिंज ने बताया कि दोपहिया चालक हमेशा ही हेल्मेट का उपयोग करें, नाबालिग को वाहन चलाने न दें, शराब या किसी भी प्रकार के नशापान कर वाहन न चलाएं।

### चाकू से हमला कर फरार आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार**। साल भर पहले 23 अगस्त को प्रार्थी तुलसीराम वर्मा द्वारा थाना हरबंद में रिपोर्ट दर्ज करायी गई थी कि 22 अगस्त की रात लगभग 9 बजे ग्राम कुकरचुंदा देहान के पास एक मोटरसाइकिल में बैठे 3 व्यक्तियों द्वारा हत्या करने की नीयत से धारदार चाकू से प्रार्थी के पुत्र लाखेन्द्र वर्मा के पेट पर हमला किया, जिससे उसकी पसली में गंभीर चोट आयी है। रिपोर्ट पर थाना हथबंद में धारा 109, 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना हथबंद पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों सूरज पाल निवासी ग्राम कामता एवं आरोपी विक्की मिश्रा निवासी ग्राम कामता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, किंतु प्रकरण में एक आरोपी जितेन्द्र वर्मा अभी भी फरार था। पुलिस द्वारा सरगर्मी से पता तलाश की जा रही थी तथा उसके छिपाने के हर संभावित ठिकाने पर लगातार दबिश दी जा रही थी। प्रकरण में थाना हथबंद पुलिस ने फरार आरोपी जितेंद्र वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर प्रार्थी के पुत्र पर धारदार चाकू से हमला कर उसे गंभीर चोट पहुंचाना स्वीकार किया। आरोपी जितेन्द्र वर्मा उर्फ जित्तू 19 साल ग्राम कुकराचुंदा को शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।




HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पुलिस प्रशासन ने की अभियान विश्वास की शुरूआत

**भाटापारा।** घर घर अभियान विश्वास की शुरुआत भाटापारा शहर थाना द्वारा अवैध शराब बिक्री या उसमें संलिप्त होने की शिकायत वाले चिन्हित स्थानों पर घर-घर जाकर संबंधित अनावेदकों को सामाजिक बुराई तथा नशे से दूर रहने के लिए समझाइश व हिदायत दी गई। अभियान पंचशील नगर से प्रारम्भ किया गया है, जो भाटापारा शहर क्षेत्र के हर वार्ड में इस कार्य को किया जायेगा। इस कार्य के साथ ऐसे चिन्हित स्थानों पर फ्लेक्स के जरिये नशा नाश की जड़ है के संदेश को चस्पा भी किया जा रहा है। संबंधित के परिवार को भी समझाइस दी जा रही है। थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि इस अभियान से जुड़ने के लिए शहर के सभी सम्माननीय जनप्रतिनिधिगण, पार्षदगण, व्यापारी बंधु, मीडिया के सम्मानीयजन सभी से थाना भाटापारा पुलिस की ओर से आव्हान किया गया कि आप सभी सहयोग कर इस अभियान से जुड़े व अनावेदकों को समझाइश देते समय पुलिस का साथ दीजिये, जिससे इस सामाजिक बुराई से निजात मिल सके।

### समाधान पेटी में आवेदन के बाद मिला रुका वेतन

**रायपुर।** सुशासन तिहार के तहत समाधान पेटी में आवेदन करने वाले लोगों की समस्याओं का निराकरण भी होने लगा है। एक निजी स्कूल के शिक्षक रामजी वर्मा को नौकरी छोड़ने के बाद उसका वेतन को स्कूल प्रबंधन ने रोक दिया था। शिक्षक ने इसकी शिकायत संबंधी आवेदन समाधान पेटी में डाला। इस शिकायत पर शिक्षा विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित स्कूल प्रबंधन को रोका गया वेतन को देने के निर्देश दिए। इसके बाद स्कूल प्रबंधन ने आवेदक को बकाया वेतन की राशि का भुगतान किया।

### स्वास्थ्य मंत्री ने आंबेडकर अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने दिए निर्देश

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार जनकल्याण के संकल्प के साथ काम कर रही है, और हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को सुलभ, सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने गुरुवार को मंत्रालय नवा रायपुर में डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर में चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तार के संबंध में बैठक लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए यह बात कही। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा किरण कौशल, अस्पताल प्रबंधन प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### बीकॉम के परिणाम 80%

रायपुर। रविवि द्वारा गुरुवार को बीकॉम तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणाम की घोषणा कर दी गई। इस परीक्षा में 4,946 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 80.73 प्रतिशत अर्थात 3993 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। 422 छात्रों को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है तथा 463 छात्रों को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया है। 68 छात्रों के परिणाम विभिन्न कारणों से रोके गए हैं। इसके अलावा एमएससी गणित ओल्ड प्रथम सेमेस्टर के परिणाम भी जारी कर दिए गए हैं।

# पात्र हितग्राहियों का नाम मोबाइल एप से दर्ज कराये जाने की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए जिले में मोर दुआर साय सरकार महाभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम शुक्लाभाठा पहुंचकर जिला पंचायत अध्यक्ष अकांक्षा गोलू जायसवाल सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल द्वारा पात्र हितग्राहियों के नाम स्वयं उपस्थित होकर सर्वेक्षण कर मोबाइल ऐप से हितग्राहियों का जिओ टैगिंग किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम शुक्लाभाठा के ग्रामीण महिलाओं द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष को अवगत कराया गया कि ग्राम के पहुंच मार्ग पर प्रति दिन असामाजिक तत्वों द्वारा मदिरापान किया जाता है, इस कारण उक्त मार्ग पर चलने वाले स्कूली बच्चों एवं महिलाओं को अनेक समस्याएं हो रही है। उक्त शिकायत पर जिला पंचायत अध्यक्ष अकांक्षा गोलू जायसवाल ने मदिरापान स्थिति की जानकारी से जिला पुलिस अधीक्षक को अवगत कराकर उचित कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

इस दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सुमन योगश वर्मा, सरपंच ग्राम पंचायत शुक्लाभाठा, डेनिश साहू सरपंच खम्हारडीह, संजय कुमार कुर्रे सरपंच डोटोपार, गजानंद पैकरा उप सरपंच खम्हारडीह, राजेन्द्र कुमार जायसवाल जिला पंचायत आवास कर्मचारी दुर्गाचरण डडसेना एवं अन्य ग्रामवासी भारी संख्या में उपस्थित थे।

## पीएम आवास सर्वेक्षण में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष



### ग्रामीणों को विष्णु देव साय की पाती भी सौंपी

उक्त अवसर पर हितग्राहियों को आश्वस्त किया कि हमारी सरकार सभी पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देगी, जिससे उनके पक्के मकान का सपना जल्द ही पूरा होगा। उक्त सर्वे के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्रामीणों को विष्णु देव साय की पाती भी सौंपी। ग्राम के महतारी सदन में आयोजित कार्यक्रम में श्रीमती जायसवाल ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आवास प्लस 2.0 के तहत सर्वेक्षण के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार गांव-गांव में हर परिवार का सर्वे किया जा रहा है। पात्र हितग्राहियों का नाम मोबाइल ऐप के माध्यम से दर्ज कराया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम में पूर्व में स्वीकृत आवास निर्माण के पूर्ण होने पर हितग्राहियों को घर की चाबी सौंपी गई।

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में 54 जोड़ों का विवाह

## गोंड समाज ने कलेक्टर से की मुलाकात और व्यवस्था के लिए जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

आदिवासी समाज टोनाटार चक जोगी द्वीप परिक्षेत्र के पदाधिकारी ने गोंड समाज द्वारा सामूहिक विवाह महू जाऊं बारात के तहत 54 जोड़ों का मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत विवाह सफलतापूर्वक संपन्न किया। कार्यक्रम संपन्न होने पर गोंड समाज के सदस्यों ने कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाकात की।

उक्त कार्यक्रम में राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत जिला प्रशासन के निर्देशानुसार 54 जोड़ों का विवाह संपन्न किया गया। उक्त आयोजन में आसपास के कन्याओं की भागीदारी रही तथा आदिवासी समाज के रीति रिवाज व परंपराओं को देखने के लिए आसपास के अलावा अन्य जिले के सगा समाज के साथ-साथ अन्य समाज के लोग भी समाज की रस्म को देखने पहुंचे थे।

यह विवाह एक जिला स्तर कार्यक्रम रहा। इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त जिला एवं ब्लॉक स्तर अधिकारी कर्मचारी ने बखूबी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए 54 जोड़ों को वैवाहिक जीवन में प्रवेश करने के लिए आशीर्वाद प्रदान कर विदाई दी।

यह आयोजन जिला में एक अनोखा आयोजन रहा, जो जिला के साथ-साथ प्रदेश में प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना रहा। उक्त अवसर पर समाज के अध्यक्ष दौलत कुंजाम एवं अन्य पदाधिकारी अमर सिंह ठाकुर, नंदकुमार ध्रुव, नारायण नेताम आदि उपस्थित थे।



### वीर नारायण सिंह एवं फड़ापेन का छाया चित्र भेंट कर किया सम्मान

इस आयोजन में वर पक्ष के सगा समाज बैलगाड़ी में ग्राम अर्जुनी से बारात निकाले। यह विवाह परंपरागत विवाह एवं आज के वर्तमान विवाह को समाहित कर वर वधू को उत्साहित करने के लिए संसाधन का उपयोग करते हुए सामूहिक विवाह हेतु प्रेरित करने के लिए आयोजित किया गया। सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन के समस्त अधिकारियों को समाज के पदाधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर आदिवासी समाज के प्रेरणा स्रोत सहित वीर नारायण सिंह एवं फड़ापेन का छाया चित्र भेंट कर कलेक्टर दीपक सोनी एवं महिला बाल विकास अधिकारी जटवार का सम्मान किया गया।

# लिमतरा में मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लिमतरा

ग्राम पंचायत लिमतरा के शासकीय प्राथमिक विद्यालय शाला प्रांगण में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर सरपंच नेहामुरली शर्मा एवं पंचों ने माल्यार्पण कर जयंती मनाई। इस दौरान संविधान के शिल्पाकार भारत रत्न का जयकारा लगाया गया। भारत माता के प्रति समर्पण एवं उनके संघर्षों को बताया गया। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठजनों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा मिठाइयां बांटी गई।

■ संविधान के शिल्पाकार भारत रत्न का जयकारा लगाया गया

कार्यक्रम में उपसरपंच शशि दुर्गेश निषाद, पंच महावीर सिंह चौहान परदेशनीं यादव, परमिला बंजारे, किरण नेतराम यादव, योगेश टंडन, लच्छन टंडन, कोमल रात्रे, आकाश सोनी सहित कई ग्रामवासी उपस्थित रहे। सरपंच पति मुरली शर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिऐ सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया।

# गर्मी में भालेसुर का गार्डन बना शीतलता का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

ग्राम पंचायत भालेसुर में स्थित रावण चौक का गार्डन गर्मी में भी हरा-भरा दिखाई दे रहा है। तेज धूप और झुलसा देने वाली गर्मी के बावजूद यह छोटा सा गार्डन ग्रामवासियों के लिए एक राहत का ठिकाना बन गया है।

रंग-बिरंगे फूलों और हरे-भरे पौधों से सजे इस गार्डन की खूबसूरती दूर से ही लोगों को आकर्षित कर रही है। गौरतलब है कि इस गार्डन का निर्माण और देखरेख ग्राम के निवासी खूबी राम नेताम द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में ग्रामीण अक्सर इस गार्डन में आकर समय बिताते हैं। यहां की हरियाली और ठंडी छांव ग्रामीणों को कुछ समय के लिए गर्मी से राहत दिलाती है। खास बात यह है कि नियमित देखभाल और समय-समय पर पानी देने के कारण गार्डन ने अपनी हरियाली बरकरार रखी है। खूबी राम नेताम ने बताया कि गार्डन में तरह-तरह के पौधे लगाए गए हैं, जिनमें सजावटी फूल, छोटे-छोटे पेड़ और झाड़ियां शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने भी इस गार्डन की सुंदरता को बनाए रखने में अपना सहयोग दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि अब यह गार्डन सिर्फ सौंदर्य का प्रतीक ही नहीं, बल्कि सामाजिक मेलजोल का भी एक महत्वपूर्ण स्थान बन गया है।



# पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर पंचायत में संचालित पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट गुरु घासीदास विद्यालय में 10 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। इस संबंध में पीएमश्री स्कूल के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक भर्ती हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन के माध्यम से लिया जा रहा है। कोई भी आवेदक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय की वेबसाईट में जाकर ऑनलाइन आवेदन भर सकते हैं। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 5 मई निर्धारित की गई है। इसमें चयन प्रक्रिया लॉटरी के माध्यम से होगी। जिसकी सूचना विद्यालय की सूचना बोर्ड में प्रदर्शित की जावेगी। कक्षा पहली हेतु आवश्यक दस्तावेज बच्चों का आधार कार्ड, माता पिता का आधारकार्ड, आय प्रमाण पत्र (2025 का), जन्म प्रमाण पत्र, बीपीएल परिवार हेतु राशन कार्ड, एक पासपोर्ट फोटो शामिल हैं। साथ ही कक्षा पहली हेतु निर्धारित उम्र 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के मध्य का होना चाहिए। इसी तरह से अन्य कक्षाओं के लिए कक्षा 2री से 12वीं तक रिक्त सीटों के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। साथ ही महतारी दुलार योजना के तहत कोरोना महामारी से अनाथ हुए बच्चों के लिए रिक्त आरक्षित सीट रखा गया है, जिसमें वे सीधे प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। जिसका लाभ लेने के लिए उसे स्वास्थ्य विभाग से जारी प्रमाण पत्र आवश्यक है। इसी प्रकार से अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु विद्यालयीन समय में आकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।




### तीन सालों से विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है

विदित हो कि पिछले साल विद्यालय का वार्षिक बोर्ड में यहां का परीक्षाफल छत्तीसगढ़ में उत्कृष्ट रहा। इसमें कक्षा दसवीं से निधि साहू ने टॉप टेन में पांचवा स्थान बनाई और कक्षा बारहवीं से कोपल अंबष्ट ने पूरे छग में द्वितीय स्थान प्रदान की। इसी तरह कुल मिलाकर पिछले तीन सालों से विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है।

### मौसम ने ली करवट, हुई रिमझिम बारिश

**हिरमी-रावन।** अचंल में शुक्रवार शाम को मौसम ने अचानक करवट ली, जिससे क्षेत्र में रिमझिम बारिश हुई और गर्मी से लोगों को राहत मिली। दिनभर चिलचिलाती धूप और उमस से परेशान लोगों के चेहरों पर बारिश की पहली फुहारें गिरते ही मुस्कान लौट आई। शाम करीब 4 बजे के आसपास आसमान में घने बादल छा गए और हल्की-हल्की हवाओं के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। धीरे-धीरे बारिश ने रफ्तार पकड़ी और वातावरण पूरी तरह से ठंडा हो गया। तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई और उमस भरी गर्मी से जूझ रहे लोगों ने राहत की सांस ली।



# खरीफ फसल के लिए केसीसी शुरू और ऋण वितरण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

भटभेरा ब्रांच के अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख समिति मोहरा में किसानों को खरीफ फसल के लिए किसान क्रेडिट कार्ड और फसल ऋण प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसका उद्देश्य किसानों को खेती के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता सुलभ कराना है, ताकि वे समय पर अपने कृषि कार्यों को संपन्न कर सकें। व्यवस्थापक दीनबंधु यादव ने बताया कि सोसाइटी कार्यालय में किसानों की सहायता के लिए स्टाफ पूरी सक्रियता से कार्य कर रहा है। अधिकारीगण कंप्यूटर और दस्तावेजों के माध्यम से किसानों के आवेदन और ऋण प्रक्रियाओं को निपटा रहे हैं। किसानों को अल्पकालिक ऋण उपलब्ध कराने केसीसी के माध्यम से सरल और त्वरित प्रक्रिया अपनाई जा रही है। किसान क्रेडिट कार्ड के तहत किसानों को बीज, उर्वरक, कीटनाशक जैसे कृषि सामग्री खरीदने के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। स्थानीय किसानों ने इस सुविधा का स्वागत करते हुए कहा कि इससे उन्हें समय पर आवश्यक संसाधन उपलब्ध हो पाएंगे और खेती का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सकेगा। सोसाइटी द्वारा किसानों को समय-समय पर जानकारी और सहयोग भी प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे योजनाओं का अधिकतम लाभ उठा सकें।



# घर-घर हुआ कुष्ठ सर्वे, 4 मरीज मिले संदिग्ध, उपचार प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजेश अवस्थी के निर्देश एवं मार्गदर्शन में विकासखंड कसडोल के अंतर्गत पीएचसी कटगी और सेल सेक्टर के 11 गांव - सेल, पीसीद, छेछर, भद्रा, पीकरी, बैजनाथ, मल्दा, आमाखोहा, कुकरीकोना, गिरौदपुरी, कौवाताल, गांव जो कुष्ठ रोग की दृष्टि से संवेदनशील गांवों में घर-घर विशेष कुष्ठ सघन सर्वे अभियान, परीक्षण और सत्यापन कार्य संपादित किया गया। उक्त विशेष कुष्ठ सघन सर्वे में कुल 18,091 लोगों का सर्वे हुआ, जिसमें 83 शंकाप्रद पाए गए और 4 कुष्ठ मरीजों की पुष्टि की गई। सर्वे स्थल पर ही चिकित्सा अधिकारीव आयुष चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान सभी का परीक्षण कर सत्यापन किया गया एवं 4 पुष्टि मरीजों का तत्काल मेडिसिन प्रारंभ किया गया।

टीम सर्वे ग्रामों में सुपरविजन करते हुए शंकाप्रद मरीजों का सत्यापन करती गई। सर्वे में गांवों के मितानिन, कटगी और सेल सेक्टर के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, सभी सेक्टर सुपरवाइजर, एनएमए, ग्रामीण चिकित्सा सहायक, आयुष चिकित्सा अधिकारी, मेडीकल ऑफिसर सम्मिलित रहे। इस विशेष सर्वे के आखरी में बीएमओ द्वारा पीएचसी कटगी में बैठक कर सभी से इस कार्य के संबंध में जानकारी लेते हुए अनुभव साझा करने कहा। सभी ने इस कार्यक्रम को सफल कहते हुए शेष सेक्टर में कार्ययोजना बना कर सम्पादित करने पर सहमति जताई। सर्वे में बीएमओ कसडोल, चिकित्सा अधिकारी, आयुष चिकित्सा अधिकारी, आरएमए, एनएमए, समस्त सेक्टर सुपरवाइजर, सीएचओ, आरएचओ एवं गांवों की मितानिन उपस्थित थीं।





